## भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, बेंगलूरु संकुल

**(रक्षा मंत्रालय के अधीन भारत सरकार का उद्यम)**

## BHARAT ELECTRONICS LIMITED, BENGALURU COMPLEX

**(A Govt. of India Enterprise under the Ministry of Defence)**

**संख्या No. 383/HR/REC/25/C.E** **दिनांक: Date: 24.09.2025**

भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) रक्षा मंत्रालय के अधीन एक नवरत्न कंपनी है तथा भारत की अग्रणी पेशेवर इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी को बेंगलूरु संकुल के लिए अस्थाई आधार पर निम्नलिखित पद के लिए अभियांत्रिकी स्नातक की आवश्यकता है।

Bharat Electronics Limited (BEL) a Navaratna Company and India's premier professional Electronics Company, under the Ministry of Defence, requires Engineering Graduates for the following post on temporary basis for Bengaluru Complex.

| पद/Post | पद कोड/ Job Code | अर्हता/ Qualification | पदों की संख्या/ No. of Posts | आरक्षण Reservation | तैनाती का स्थान/ Posting Location |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रशिक्षु अभियंता-I **Trainee Engineer-I** | टीईबीजी /TEBG | उत्तीर्ण श्रेणी के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय /संस्थान /कॉलेज से संगत विषयों में अभियांत्रिकी स्नातक बी. ई./बी. टेक./बी.एस. सी(4 वर्षीय कोर्स) B.E./B.Tech/B.Sc. (4-year course) Engineering degree in relevant discipline from recognized University / Institution / College with Pass Class | इलेक्ट्रॉनिक्स-258<br>मेकानिकल -131<br>कम्प्यूटर साइंस -44<br>इलेक्ट्रिकल-55<br>**कुल-488 पदें**<br>Electronics – 258<br>Mechanical - 131<br>Computer Science - 44<br>Electrical - 55<br>**Total – 488 posts** | अनारक्षित - 197<br>ई.डबल्यू .एस - 49<br>अ.पि.व. (एनसीएल) - 132<br>अ.जा. - 73<br>अ.ज.जा. - 37<br>UR - 197<br>EWS - 49<br>OBC(NCL) - 132<br>SC - 73<br>ST - 37 | बेंगलुरू Bengaluru |
| | टीईईएम /TEEM | | इलेक्ट्रॉनिक्स-43<br>मैकानिकल -55<br>इलेक्ट्रिकल-24<br>**कुल-122 पदें**<br>Electronics – 43<br>Mechanical - 55<br>Electrical - 24<br>**Total – 122 posts** | अनारक्षित- 50<br>ई.डबल्यू .एस - 12<br>अ.पि.व. (एनसीएल) - 33<br>अ.जा. - 18<br>अ.ज.जा. - 9<br>UR - 50<br>EWS - 12<br>OBC(NCL) - 33<br>SC - 18<br>ST - 9 | पूरे भारत में Across India |

**ध्यान दें-**
**Note:**

a) पी.डब्ल्यू.डी. (बेंचमार्क विकलांगता वाले व्यक्ति) अभ्यर्थियों के लिए आरक्षण सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुसार होगा।
For PwBD (Person with Benchmark Disability) candidates, reservation will be as per Government guidelines.

b) **कृपया नोट करें कि दोनों जॉब कोडों के लिए वॉक-इन चयन एक ही दिन आयोजित किए जाएंगे । इसलिए उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे केवल एक जॉब कोड का चयन करें / निर्णय लें।**
**Please note that the walk-in selections for both the job codes will be conducted on the same day. Therefore candidates are requested to choose to apply only for one job code.**

**1.0 <u>दिनांक 01.09.2025 तक ऊपरी आयु सीमा -</u>**
**<u>Upper Age limit as on 01.09.2025:</u>**

a) सामान्य एवं ईडब्ल्यूएस अभ्यर्थियों के लिए आयु सीमा 28 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए |
The age limit should be not more than 28 years for General & EWS candidates.

b) ऊपरी आयु सीमा में अ.पि.व.(एनसीएल) अभ्यर्थियों के लिए 03 वर्षों तक और अ.जा./अ.ज.जा. अभ्यर्थियों के लिए 05 वर्षों तक की छूट है | पीडब्ल्यूबीडी वर्ग के अभ्यर्थी जिन्हें न्यूनतम 40% तथा उससे अधिक अक्षमता है उन्हें ऊपर उल्लिखित वर्गों से छूट के अलावा अधिक 10 वर्ष की छूट मिलेगी |
The upper age limit will be relaxable for OBC (NCL) candidates by 03 years and SC/ST candidates by 05 years. For candidates belonging to PwBD category having minimum 40% disability or more will get 10 years relaxation in addition to the relaxation applicable to the categories mentioned above.

c) एसएसएलसी/एसएससी/आईएससी की अंक तालिका एवं अन्य कोई वैध दस्तावेज को जन्म तिथि के प्रमाण के रूप में विचार किया जाएगा |
SSLC/SSC/ISC mark card and any other valid document will be considered as proof of date of birth.

**कृपया ध्यान दें -**
**Please Note:**

d) आयु में छुट अपेक्षित करने वाले उम्मीदवारों को आवेदन के साथ आवश्यक प्रमाणपत्र की कॉपी संलग्न करना चाहिए तथा चयन होने के मामले में अथवा जाँच की प्रक्रिया के किसी भी आगामी चरणों में मूल प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।
Candidates seeking age relaxation will be required to attach copy of relevant certificate along with application and submit in original in case of selection or furnish at any subsequent stage of the process for verification.

e) ई.डबल्यू.एस / अ.पि.व.(एनसीएल) /अ.जा./अ.ज.जा. / अक्षमता प्रमाणपत्र अनिवार्य रूप से बी.ई.एल वेबसाइट पर उपल्बध प्रारूप में होना चाहिए, अन्यथा अभ्यर्थी को सामान्य वर्ग के अंतर्गत विचार किया जाएगा बर्शते वे सामान्य अभ्यर्थी के सभी अन्य निर्धारित मापदंड को पूरा करते है। अ.पि.व. वर्ग से संबंधी अभ्यर्थी को (नॉन क्रिमी लेयर) दिनांक **01.09.2024** को या उसके बाद जारी प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना चाहिए और ईडब्ल्यूएस श्रेणी से संबंधित उम्मीदवार दिनांक **01.04.2025** को या उसके बाद वर्ष **2024-25** के लिए जारी प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करें।
The EWS / OBC(NCL) /SC /ST / Disability Certificate should be strictly in the format available on the BEL website failing which, candidates will be considered under 'General' category, provided they are otherwise meeting all other criteria stipulated for General Candidates. Candidates belonging to OBC category (Non Creamy Layer) should produce the certificate issued on or after **01.09.2024** and candidates belonging to EWS category should produce the certificate issued for the year **2024-25** on or after **01.04.2025**.

**2.0 <u>शैक्षिक योग्यता -</u>**
**<u>EDUCATIONAL QUALIFICATION:</u>**

मान्यता प्राप्त संस्थान/विश्वविधालय/महाविद्यालय से **उत्तीर्ण श्रेणी में** निम्नलिखित अभियांत्रिकी विषय इलेक्ट्रॉनिक्स / मेकानिकल / कंम्प्यूटर/ इलेक्ट्रिकल में बी.ई/बी.टेक/बी.एस.सी अभियांत्रिकी (04 वर्ष का कोर्स)
BE/B.Tech/B.Sc. Engineering (04 years course) with **Pass Class** from recognized Institute/University/College in the following Engineering disciplines - Electronics / Mechanical / Computer Science /Electrical.

ऊपर उल्लिखित अभियांत्रिकी पद के लिए विषय और संगत विषय परिभाषित किए गए है, जो इस प्रकार है-
The disciplines and subjects defined for the Engineering posts mentioned above are as follows:

| क्र.सं. Sl. No. | विषय SUBJECT | विषय DISCIPLINE |
|---|---|---|
| 1 | इलेक्ट्रॉनिक्स<br>Electronics | इलेक्ट्रॉनिक्स<br>इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन<br>इलेक्ट्रॉनिक्स एवं टेलीकम्युनिकेशन<br>इलेक्ट्रॉनिक्स एवं इंस्ट्रूमेंटेशन<br>कम्युनिकेशन<br>टेलीकम्युनिकेशन<br>Electronics<br>Electronics & Communication<br>Electronics & Telecommunication<br>Electronics & Instrumentation<br>Communication<br>Telecommunication |
| 2 | मेकानिकल<br>Mechanical | मेकानिकल अभियांत्रिकी<br>मैक्ट्रानिक्स<br>औद्योगिक अभियांत्रिकी एवं प्रबंधन<br>Mechanical Engineering<br>Mechatronics<br>Industrial Engineering & Management |
| 3 | कम्प्यूटर विज्ञान<br>Computer Science | कम्प्यूटर विज्ञान<br>कम्प्यूटर विज्ञान और अभियांत्रिकी<br>कम्प्यूटर विज्ञान अभियांत्रिकी<br>सूचना प्रौद्योगिकी<br>सूचना विज्ञान एवं अभियांत्रिकी<br>Computer Science<br>Computer Science & Engineering<br>Computer Science Engineering<br>Information Technology<br>Information Science & Engineering |
| 4 | इलेक्ट्रिकल<br>Electrical | इलेक्ट्रिकल अभियांत्रिकी<br>इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स अभियांत्रिकी<br>Electrical<br>Electrical and Electronics Engineering |

**कृपया ध्यान दें -**
**Please Note:**

a) सूचित सभी पदों के लिए,अभ्यर्थी को ए.आई.सी.टी.ई/ यू.जी.सी द्वारा अनुमोदित महाविद्यालय/संस्थान या मान्यताप्राप्त विश्वविधालय से अर्हता प्राप्त होनी चाहिए।
For all the posts indicated, the candidates should have qualified from AICTE/UGC approved college/Institute or recognized University.

b) उम्मीदवार को स्नातक-पूर्णता के साक्ष्य के रूप में, श्रेणी तथा अंक की प्रतिशतता सूचित करते हुए अनिवार्य रूप से अनंतिम/अंतिम प्रमाणपत्र को संलग्न करना चाहिए।
Candidates have to compulsorily attach the Provisional / Final Degree Certificate as proof of completion of Degree and indication of Class and percentage of marks.

c) यदि न्यूनतम आवश्यक शैक्षणिक योग्यता में आवश्यक अर्हक डिग्री में विशेषज्ञता का कोई उल्लेख नहीं है, तो उम्मीदवारों को अपने विश्वविद्यालय/संस्थान/कॉलेज से एक प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा जो अर्हक डिग्री में उनकी विशेषज्ञता को दर्शाता है।
In case there is no mention of specialization in the qualifying degree as required in the minimum essential educational qualification, candidates are required to submit a Certificate from their University/Institution/College which indicates their specialization in qualifying degree.

## 3.0 नियुक्ति शर्तें तथा भत्ता : TERMS OF ENGAGEMENT & ALLOWANCE:

a) प्रशिक्षु अभियंता की प्रारम्भिक नियुक्ति 02 वर्षों की अवधि के लिए होगी जो आवश्यकता तथा व्यक्तिगत निष्पादन के आधार पर 01 वर्ष (अधिकतम अवधि 03 वर्ष)के लिए बढाई जा सकती है । अभ्यर्थी को प्रथम वर्ष के लिए रु. 30,000/-, दूसरी वर्ष के लिए रु. 35,000/-, और संविदा के बढ़ाए जाने स्थिति में तृतीय वर्ष के लिए रु. 40,000/- प्रति माह की समेकित पारिश्रमिक भुगतान किया जाएगा ।
Trainee Engineers will be engaged for an initial period of 02 years which may be extended further for a period of 01 year (maximum tenure of 03 years) based on project requirement and individual performance. Candidates will be paid a consolidated remuneration of Rs.30,000/- per month for the 1st year, Rs.35,000/- per month for 2nd year and in the event of extension of contract, the remuneration shall be Rs.40,000/- per month for 3rd year.

b) सूचित पारिश्रमिक के अतिरिक्त, चिकित्सा बीमा प्रीमियम, पोशाक भत्ता, सिलाई प्रभार, फुटवेयर भत्ता आदि जैसे खर्चों के लिए प्रति वर्ष रु.12,000/ - की समेकित राशि का भुगतान किया जाएगा । अतिरिक्त राशि का भुगतान दो समान किस्तों में किया जाएगा यानी पहली किस्त का भुगतान कार्यभार ग्रहण करने के बाद प्रथम माह के वेतन में किया जाएगा और दूसरी किस्त का भुगतान कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से 6 महीने पूरे होने पर किया जाएगा।
In addition to the remuneration indicated above, a consolidated amount of Rs.12,000/- per year will be paid towards expenses like medical insurance premium, attire allowance, stitching charges, footwear allowance, etc. The additional amount shall be paid in two equal installments i.e., first installment to be processed in the first month's salary after joining and the second installment will be paid on completion of 6 months from the date of joining.

c) अभ्यर्थियों को परियोजना की आवश्यकता पड़ने पर पूरे भारत में तैनात या प्रतिनियुक्त किया जाएगा। यदि चयनित अभ्यर्थी बेंगलूरु के बाहर तैनात किया जाता है, जहां बीईएल की कोई यूनिट/क्षेत्रीय कार्यालय/वाटर फ्रंट सहायता केंद्र नहीं है, तो उक्त स्थानों पर उनके द्वारा सामना की जा रही कठिनाइयों को दूर करने के लिए उन्हें प्रति माह क्षेत्र भत्ते के रूप में समेकित पारिश्रमिक का 10% भुगतान किया जाएगा।
Candidates will be posted or deputed across India, as and when project requirement arises. If the selected candidate is posted outside Bangalore, where BEL doesn't have Unit/Regional Office/Water Front Support Centers, to compensate the hardship faced by them at the aforesaid locations they will be paid 10% of consolidated remuneration as Area Allowance per month.

## 4.0 परियोजना के लिए प्रशिक्षु अभियंता की पदोन्नति ADVANCEMENT OF TRAINEE ENGINEER TO PROJECT ENGINEER

a) प्रशिक्षु अभियंता जिन्होंने प्रशिक्षु अभियंता के रूप में बीईएल के भीतर 02 वर्षों की अवधि पूरी कर ली है, को निम्नलिखित मानदंडों को पूरा करने के अधीन उसी यूनिट में परियोजना अभियंता-1 के पद पर पदोन्नति के लिए विचार किया जा सकता है।

- प्रशिक्षु अभियंता के रूप में निष्पादन मूल्यांकन अंक दोनों वर्षों (कुल) के लिए 80% और उससे अधिक अंकों के मानदंड को पूरा करते हैं।

- उपस्थिति (>80% पिछले 1 वर्ष के दौरान) और सामान्य अनुशासन अच्छा होना चाहिए।
- प्रशिक्षु अभियंता के विरुद्ध पिछले 02 वर्षों में कोई प्रतिकूल टिप्पणी नहीं होनी चाहिए।

परियोजना अभियंता-I/अधिकारी-I के पद पर पदोन्नति के बाद, उनकी नियुक्ति 03 वर्षों की अवधि के लिए की जाएगी जिसे परियोजना की आवश्यकता और परियोजना अभियंता/अधिकारी के निष्पादन के आधार पर सक्षम प्राधिकारी के विधिवत अनुमोदन से अधिकतम एक वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है।

Trainee Engineer who has completed tenure of 02 years within BEL as Trainee Engineer may be considered for advancement to Project Engineer-I in the same Unit subject to fulfilling the following criteria:

- Performance assessment scores as Trainee Engineer should meet the criteria of 80% & above marks for both years (aggregate).
- Attendance (>80% during preceding 1 year) and General discipline must be good.
- Trainee Engineer must not have any adverse remarks against him/her in the preceding 02 years.

Post advancement to Project Engineer-I/Officer-I, the engagement shall be for a period of 3 years which may be extended up to a maximum of One year based on project requirement and performance of the Project Engineer/Officer with due approval of the competent authority.

b) **प्रशिक्षु अभियंता के लिए प्रतिधारण बोनस:** प्रतिधारण बोनस उन परियोजना अभियंताओं को दिया जाएगा जो प्रशिक्षु अभियंता की भूमिका से परियोजना अभियंता-1 के पद पर पदोन्नति के रूप में 4 वर्षों की समग्र अवधि पूरी करने के बाद प्रत्येक पूरे वर्ष के लिए रु. 25,000/- का प्रतिधारण बोनस प्राप्त करने के हकदार होंगे। । हालांकि, प्रतिधारण बोनस 04 वर्षों के अंत में यानी रु. 1,00,000/- देय होगा।

**Retention Bonus for Project Engineer:** Retention Bonus will be paid to Project Engineer who has advanced from Trainee Engineer role and complete overall tenure of 4 Years as Project Engineer, will be entitled for Retention Bonus of Rs.25,000/- for every completed year. However, the retention bonus will be payable at the end of 04 Years i.e., Rs.1, 00,000/-.

## 5.0 तैनाती का क्षेत्र - Areas of Deployment

**a) Trainee Engineer-I(टीईबीजी /TEBG)**

- परियोजनाओं के निष्पादन के लिए फील्ड पोस्टिंग और परियोजना के स्थलों पर उत्पाद सहायता।
- ग्राहक स्थानों पर एएमसी.
- डी एंड ई (सपोर्ट रोल)-फील्ड ट्रेल्स/मूल्यांकन/वैधीकरण/प्रलेखन
- उत्पादन और गैर-उत्पादन क्षेत्र जैसे परीक्षण, असेंबली, गुणवत्ता प्रबंधन, उप-ठेका, उत्पादन योजना, आईईडी, सामग्री प्रबंधन (खरीद/स्टोर), विपणन, रखरखाव आदि।
- Field posting for execution of projects and Product support at project sites.
- AMC at Customer Locations.
- D&E (Support Role): Field Trails/ Evaluation/Validation/Documentation.
- Production and Non-Production areas like Testing, Assembly, Quality Management, Sub-Contract, Production Planning, IED, Material Management (Purchase/Stores), Marketing, Maintenance etc.

**b) Trainee Engineer-I(टीईईएम /TEEM)**

- ईवीएम/वीवीपीएटी की प्रथम स्तरीय जाँच।
- चुनाव मतगणना ड्यूटी सहित चुनाव प्रक्रिया से संबंधित कार्य।
- ईवीएम और वीवीपीएटी का उत्पादन/परीक्षण/मरम्मत।
- विंडोज/लिनक्स प्रचालन प्रणालियों पर कार्य करना और समाधानों का बैकअप लेना/उन्हें रीस्टोर करना।
- एमएस कार्यालय और गूगल शीट के साथ काम करने में विशेषज्ञता।
- दैनिक कार्य प्रगति, ईएमएस स्कैनिंग, निगरानी और टीम के साथ समन्वय के लिए फॉलो-अप।
- टीमों और ग्राहकों के साथ संचार और समन्वय।
- आवश्यकता के आधार पर पूरे भारत की यात्रा/स्थानांतरण और रोटेशनल शिफ्ट में काम करना शामिल है।
- First Level Checking of EVMs/VVPATs.
- Activities relating to Election Process including Election counting duty.
- Production/Testing/Repair of EVMs and VVPATs
- Working on Windows/Linux operating systems and backup/restore solutions.
- Working with MS Office and Google sheets.
- Follow-up for Daily work progress, EMS scanning, monitoring etc.
- Communication and coordination with the teams and customers.
- Travelling/posting across India based on requirement and working in rotational shifts.

## 6.0 आवेदन कैसे करें HOW TO APPLY:

a) ऐसे उम्मीदवार जो आवेदन करना चाहते हैं और जो विज्ञापन में दर्शाए गए उपर्युक्त पदों के लिए अर्हता मानदंडों को पूरा कर रहे हैं, उन्हें **बेंगलूरु कॉम्पलेक्स के लिए प्रशिक्षु अभियंता-I की भर्ती** विज्ञापन के प्रति दिए गए लिंक https://jobapply.in/BEL2025BNGComplex के माध्यम से ऑनलाइन प्री-रजिस्टर करना होगा ताकि वे वॉक-इन चयन के लिए उपस्थित होने की अपनी इच्छा व्यक्त कर सकें।
Candidates who are desirous of applying and who are meeting the qualifying criteria for the above posts indicated in the advertisement are required to Pre-register online through the link https://jobapply.in/BEL2025BNGComplex provided against the advertisement **Recruitment of Trainee Engineers-I for Bangalore Complex** for expressing their willingness to attend for the Walk-In Selections**.**

**वॉक-इन चयन में भाग लेने के लिए पूर्व-पंजीकरण के लिए ऑनलाइन लिंक दिनांक 24.09.2025 से 07.10.2025 तक उपलब्ध होगा। जिन उम्मीदवारों ने ऑनलाइन पंजीकरण नहीं किया है उन्हें वॉक-इन चयन के लिए उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।**

**Online Link for Pre-Registration for attending Walk-in Selections will be available from 24.09.2025 to 07.10.2025. The Candidates who have NOT registered online will not be allowed to appear for the Walk-In Selections**

b) **ऑनलाइन लिंक के माध्यम से वॉक-इन के लिए पंजीकरण हेतु चरण /**
**STEPS FOR REGISTRATION FOR WALK-IN THROUGH ONLINE LINK**

अभ्यर्थियों को वेबसाइट पर दिए गए यूआरएल लिंक का उपयोग करते हुए ऑनलाइन आवेदन पत्र में आवश्यक जानकारी भरने होंगे, अपेक्षित शुल्क (यदि लागू हो) का भुगतान करना होगा और आवेदन पत्र प्रस्तुत करना होगा।
Candidates are required to fill the necessary fields in the online application form by accessing the URL Link provided on the website, pay the requisite fees (if applicable) and submit the application form.

c) किसी भी अभ्यर्थी द्वारा किसी विशेष पद के लिए एक से अधिक पंजीकरण/आवेदन नहीं किए जाने चाहिए। किसी भी अभ्यर्थी द्वारा एक पद के लिए एक से अधिक आवेदन किए जाने की स्थिति में केवल उस अभ्यार्थी के नवीनतम वैध (पूर्ण) आवेदन पर ही विचार किया जाएगा तथा उसे अंतिम आवेदन के रूप में माना जाएगा तथा अन्य बहु-पंजीकरण/आवेदन के लिए उसके द्वारा भुगतान किए गए आवेदन शुल्क एवं अन्य प्रभार जब्त कर लिए जाएंगे।
Only one application should be submitted by a candidate for any particular post. In case of multiple applications for one post by any candidate only the latest valid (completed) application of that candidate will be considered and retained as final application and the Application Fee & other charges paid for the other multiple application(s) will stand forfeited.

d) अभ्यर्थियों को विज्ञापन में दिए गए सभी अनुदेशों को पढ़ना होगा और ऑनलाइन आवेदन पत्र में सभी जानकारियों को सही ढंग से दर्ज करना होगा और जमा करने से पहले उसकी जांच सत्यापन करनी होगी, क्योंकि आवेदन जमा करने के बाद परिवर्तन की अनुमति नहीं दी जाएगी।
Candidates are required to read all the instructions given in the advertisement and enter all information correctly in the online application forms and verify the same before submission, as changes shall not be permitted after submission.

e) पार्श्विक आवेदन की अनुमति नहीं है यानी, वर्तमान में बीईएल की किसी भी यूनिट में कार्यरत प्रशिक्षु अभियंता इस विज्ञापन के प्रति इस पद के लिए आवेदन करने का पात्र नहीं हैं । यदि आवेदन किया जाता है, तो चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में बिना कोई कारण बताए ऐसे आवेदन को सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिया जाएगा ।
Lateral application is not permitted i.e., Trainee Engineer who is presently working in any of the Units of BEL is not eligible to apply for the same post against this advertisement. If applied, such application will be summarily rejected without assigning any reasons, at any stage of the selection process.

f) कृपया नोट करें कि दोनों जॉब कोड के लिए वॉक-इन चयन एक ही दिन आयोजित किए जाएंगे। इसलिए उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे केवल एक जॉब कोड का चयन करें ।
Please note that the walk-in selections for both the job codes will be conducted on the same day. Therefore candidates are requested to choose to apply only for one job code.

## 7.0 चयन प्रक्रिया SELECTION PROCEDURE:

a) अर्हक मानदंडों को पूरा करने वाले और जिनके ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए गए हैं उन्हें अनंतिम रूप से लिखित परीक्षा के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाएगा।
The candidates meeting the qualifying criteria and whose online applications have been accepted will be provisionally shortlisted for the Written Test.

b) जो अभ्यर्थी अर्हताओं को पूरा करते हैं और जिनके ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए जाते हैं उन्हें एसएमएस और ई-मेल द्वारा सूचित किया जाएगा। उन्हें बीईएल की वेबसाइट पर लॉग इन करना होगा और लिखित परीक्षा के लिए अपने कॉल लेटर डाउनलोड करने के लिए अपने क्रेडेंशियल्स दर्ज करने होंगे।
Candidates who meet the qualifying criteria and whose online applications are accepted will be sent an SMS and e-mail. They are required to log on to the BEL website and enter their credentials to access and download their Call Letter for Written Test.

c) अभ्यर्थियों को कॉल लेटर का प्रिंट लेना होगा और उसमें दिए गए अनुदेशों का पालन करना होगा। कृपया नोट करें कि कॉल लेटर ई-मेल या पारंपरिक मेल के माध्यम से नहीं भेजे जाएंगे।
Candidates are required to print the call letter and comply with the instructions indicated therein. Please note that call letters will not be sent through e-mail or through conventional mail.

d) ऐसे अभ्यर्थी जिनके आवेदन ऑनलाइन आवेदन जमा करने की प्रक्रिया के माध्यम से स्वीकार किए जाते हैं, वे बेंगलूरु में आयोजित लिखित परीक्षा में शामिल होने के पात्र हैं जिसका विवरण निम्नवत है -

Candidates, whose applications are accepted through the process of submission of online applications, are eligible to attend the written test at Bangalore as per the schedule mentioned below:

| क्र.सं. / Sl. No. | पद कोड /Job Code | विषय / Discipline | दिनांक Date | लिखित परीक्षा का स्थान / Venue of Written Test |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रशिक्षु अभियंता -I (टीईबीजी) एवं प्रशिक्षु अभियंता -I (टीईईएम)<br><br>Trainee Engineer-I (TEBG) & Trainee Engineer-I (TEEM) | इलेक्ट्रॉनिक्स Electronics | 25.10.2025 | बेंगलुरु Bangalore |
| 2 | | मेकानिकल Mechanical | 25.10.2025 | |
| 3 | | कम्प्यूटर साइंस Computer Science | 26.10.2025 | |
| 4 | | इलेक्ट्रिकल Electrical | 26.10.2025 | |

e) प्रशिक्षु अभियंता के पद के लिए चयन लिखित परीक्षा के माध्यम से किया जाएगा और उम्मीदवारों का चयन क्रम या योग्यता यानी श्रेणी-वार, विषय-वार के आधार पर किया जाएगा। लिखित परीक्षा **90** मिनट की अवधि **85** प्रश्नों का समायोजन में आयोजित की जाएगी जिसमें तकनीकी और सामान्य योग्यता के प्रश्न शामिल होंगे। प्रत्येक सही उत्तर के लिए **01** अंक होगा और प्रत्येक गलत उत्तर के लिए **0.25** नकारात्मक अंकन (नेगेटिव मारकिंग) हैं।

The selections for the post of Trainee Engineer shall be through Written Test and candidates shall be selected in the order or merit i.e. category-wise & discipline wise. The written test will be conducted for duration of **90** minutes comprising of **85** Questions, consisting of Technical and General Aptitude Questions. Each correct answer will fetch **01** mark and each wrong response will get negative mark of **0.25**.

f) पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवार (पैरा 9.0 (ई) के अनुसार) प्रति घंटे 20 मिनट के प्रतिपूरक समय के लिए पात्र हैं।

PwBD candidates (as mentioned at Para. 9.0(e)) are eligible for compensatory time of 20 minutes per hour.

g) लिखित परीक्षा के परिणाम बीईएल की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए जाएंगे और लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले अभ्यर्थियों को मेरिट के आधार पर दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलाया जाएगा।

The result of the Written test will be uploaded on BEL website and Candidates qualifying in the Written Test will be called for Document Verification based on merit.

h) लिखित परीक्षा केवल बेंगलूरु में आयोजित होगी।

The Written Test will be at Bengaluru only.

**8.0 आवेदन शुल्क - APPLICATION FEES :**

| पद<br>Post | आवेदन शुल्क<br>Application Fee | छूट<br>Exemption |
|---|---|---|
| प्रशिक्षु अभियंता – I<br>Trainee Engineer – I | **Rs.177/-**<br>(रु.150/- + 18% GST)<br>सामान्य/ईबल्यूएस,अ.पि.व. अभ्यर्थियों के लिए/ **Rs.177/-** (Rs.150/- + 18% GST) for UR,EWS,OBC Candidates | अ.जा., अ.ज.जा. और डब्ल्यूबीडी वर्ग के अभ्यर्थियों को आवेदन शुल्क का भुगतान करने से छूट दी गई है।<br>Candidates belonging to SC, ST & PwBD categories are exempted from payment of application fee. |

a) अभ्यर्थी आवेदन शुल्क जमा करने से पहले सभी निर्देशों और पात्रता मानदंडों को ध्यान से पढ़ें । **एक बार भुगतान किया गया शुल्क कम्पनी/बैंक द्वारा अभ्यर्थियों को वापस नहीं किया जाएगा ।**
Candidates may go through all instructions and eligibility criteria carefully before remitting Application Fee and submitting the application. **Fee once paid will not be refunded by the Company/Bank to candidates.**

b) **भुगतान करने के अनुदेश –**
**INSTRUCTIONS FOR MAKING PAYMENT:**

बीईएल की वेबसाइट में उपलब्ध भुगतान लिंक पर क्लिक करें या इस लिंक पर क्लिक करें
Click on the Payment link available in BEL Website OR click on this link –
https://www.onlinesbi.sbi/sbicollect/icollecthome.htm?corpID=14842

1) www.onlinesbi.com पर जाएं और:- स्टेट बैंक कलेक्ट का चयन करें।
Go to www.onlinesbi.sbi and select: - State Bank Collect
2) निबंधन व शर्तें स्वीकार करें और प्रोसीड पर क्लिक करें।
Accept terms and conditions and click on proceed
3) निगम/संस्थान के राज्य का चयन करें- अखिल भारतीय
Select state of Corporation/Institution: – All India
4) पीएसयू-सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम का चयन करें- भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड और सबमिट करें।
Select PSU – Public Sector Undertaking: - Bharat Electronics Limited and press Submit
5) भुगतान वर्ग चयन करें-(पद का नाम: बेंगलूर कॉम्पलेक्स के लिए प्रशिक्षु अभियंता-I की भर्ती)
Select payment category: - (Name of the post: Recruitment of Trainee Engineer-I for BG-Cx)
6) ऊपर बताए गए अनुसार भुगतान पूरा करें।
Complete the payment as explained above
7) भुगतान रसीद का प्रिंट/स्क्रीनशॉट लें और उसे आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें।
Save & take a print / Screenshot of the payment receipt and attach it with the application form
8) विज्ञापन के साथ स्क्रीन शॉट के साथ विस्तृत निर्देश दिए गए हैं।
Detailed instructions along with screen shots are provided with the advertisement

अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र में भुगतान करने के बाद सृजित '**एसबीआई कलेक्ट रेफरेंस नंबर**' का उल्लेख करना होगा।
Candidates have to mention the "**SBI Collect Reference Number**" generated after making payment, in the Application Form.

**9.0 ऑनलाइन आवेदन पत्र प्रस्तुत करते समय अभ्यर्थियों द्वारा जमा किए जाने वाले दस्तावेज़ -**
**DOCUMENTS TO BE UPLOADED BY CANDIDATES WHILE SUBMITTING ONLINE APPLICATION:**

a) हाल ही के रंगीन पासपोर्ट आकार का फोटो।
Recent colour passport size photograph.

b) जन्म तिथि के साक्ष्य के रूप में एस एस एल सी/ एस एस सी/आई एस सी का अंक पत्र या अन्य वैध दस्तावेज़ ।
SSLC/SSC/ISC marks card or any other valid document as proof of date of birth.

c) संगत शैक्षिक अर्हता की अंतिम डिग्री/अनंतिम डिग्री का प्रमाण पत्र ।
Final degree/Provisional Degree certificate of relevant qualification.

d) विश्व विद्यालय/ संस्थान / महाविद्यालय द्वारा जारी प्रतिशतता / श्रेणी के लिए एसजीपीए/ सी जी पी ए/ डीजीपीए/ ओजीपीए अथवा लैटर श्रेणी / दस्तावेज हेतु मानदंडों का प्रमाण ।
Proof of norms for SGPA/CGPA/DGPA/OGPA or letter grade/document for percentage/class issued by university/Institution/College.

e) अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग / पीडब्ल्यूबीडी / ईडब्ल्यूएस से संबंधित अभ्यर्थी के मामले में जाति / जनजाति / समुदाय / विकलांगता / आर्थिक स्थिति प्रमाण पत्र । उपरोक्त श्रेणियों में से किसी के तहत आरक्षण का दावा करने वाले उम्मीदवारों को निर्धारित प्रारूप में प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। विभिन्न प्रमाणपत्रों का प्रारूप विज्ञापन में लिंक के रूप में दिए गए हैं। अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी से संबंधित अभ्यर्थी को **01.09.2024** को या उसके बाद जारी किया गया प्रमाण पत्र और ईडब्ल्यूएस प्रमाण-पत्र के लिए वर्ष **2024-25** के लिए दिनांक **01.04.2025** को या उसके बाद जारी किया गया प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
Caste/Tribe/Community/Disability/Economic Weaker Section status Certificate in case of candidates belonging to SC/ST/OBC/PwBD/EWS respectively. Candidates claiming reservation under any of the above categories are required to submit the certificate in the prescribed format. The formats of various certificates are provided as link to the advertisement. Candidates belonging to OBC category should produce the Certificate issued on or after **01.09.2024** and for EWS Certificate should be issued for the year **2024-25** on or after **01.04.2025**.

f) बेंचमार्क विकलांगता (पीडब्ल्यूबीडी) वाले व्यक्तियों के लिए- पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के लिए विकलांगता 40% से कम नहीं होनी चाहिए। जो व्यक्ति इस छूट का लाभ अर्जित करना चाहते हैं, उन्हें सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी विकलांगता प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।
For persons with Benchmark Disability (PwBD): Disability should not be less than 40% for the PwBD candidates. A person, who wants to avail the benefit of relaxation, will have to submit a Disability Certificate issued by a Competent Authority.

g) बेंचमार्क विकलांग व्यक्तियों (पीडब्ल्यूबीडी) को स्क्राइब की सुविधा की अनुमति दी जाएगी। अभ्यर्थियों को अपने खर्च पर अपने स्वयं के स्क्राइबों की व्यवस्था करनी होगी।
Facility of Scribe will be permitted to Persons with Benchmark Disabilities (PwBD) as defined under Section 2(r) of the RPwD Act 2016. Candidates have to arrange scribes of their own at their own expenses.

h) मुख्य चिकित्सा अधिकारी/सिविल सर्जन/सरकारी स्वास्थ्य देखभाल संस्थान के चिकित्सा अधीक्षक से इस आशय का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने पर कि संबंधित व्यक्ति को लिखने की शारीरिक क्षमता है और उनकी ओर से लिखित परीक्षा में शामिल होना आवश्यक है। प्रमाण-पत्र बीईएल की वेबसाइट पर उपलब्ध प्रारूप में होना चाहिए।
The provision of scribe will be permitted only on production of certificate from the Chief Medical Officer / Civil Surgeon / Medical Superintendent of a Government Health Care Institution to the effect that the person concerned has physical limitation to write and scribe is essential to appear for Written Test on his/her behalf. Certificate should be in the format available on the BEL website.

i) अभ्यर्थी द्वारा उपयोग में लाई जाने वाली स्क्राइब की अर्हता परीक्षा देने वाले अभ्यर्थी की अर्हता से एक कदम कम होनी चाहिए और अभ्यर्थी को बीईएल वेबसाइट पर उपलब्ध प्रोफार्मा के अनुसार जिसे राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित किया जाना है, का विवरण प्रस्तुत करना चाहिए। लिखित परीक्षा में शामिल होने के दौरान अभ्यर्थी को हस्ताक्षरित/सत्यापित प्रपत्र अपने साथ लाना होगा/प्रस्तुत करना होगा।
The qualification of the scribe intended to be used by the candidate should be one step below the qualification of the candidate taking examination and the candidate should submit details of the scribe as per proforma available on the BEL website which is to be attested by a Gazetted officer. The candidate is required to carry/produce the signed/attested proforma, while appearing for the written test.

## 10.0 सामान्य अनुदेश - GENERAL INFORMATION:

a) केवल भारतीय नागरिक पदों के लिए आवेदन करें।
Only Indian nationals can apply for the posts.

b) विभिन्न श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए उपयुक्तता हेतु अपेक्षित लिखित परीक्षा में न्यूनतम अर्हक अंक निम्नानुसार हैं:
The minimum qualifying marks in written test required for suitability for different categories of candidates are as under:

| श्रेणी /Category | लिखित परीक्षा /Written Test |
|---|---|
| समान्य/ईडब्ल्यूएस/ओबीसी-एनसीएल<br>General / EWS / OBC-NCL | 35% |
| अ.जा/अ.ज.जा/पीडब्ल्यूबीडी<br>SC/ST/PwBD | 30% |

c) चयन के समय वास्तविक आवश्यकताओं के आधार पर ऊपर सूचित पदों की संख्या में परिवर्तन हो सकते हैं। The number of posts indicated above, may vary based on the actual requirement at the time of selection.

d) उपर्युक्त विज्ञापन का कोई भी संशोधन, स्पष्टीकरण, परिशिष्ट, समय विस्तारण आदि बीईएल वेबसाइट के "करियर" खंड https://bel-india.in पर होस्ट किए जाएंगे और प्रेस में कोई अलग अधिसूचना जारी नहीं की जाएगी। उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे स्वयं को अद्यतन रखने के लिए नियमित रूप से वेबसाइट देखें।
Any revision, clarification, addendum, corrigendum, time extension etc. to the above advertisement will be hosted on "Careers" section of BEL website: https://bel-india.in only and no separate notification shall be issued in the press. Candidates are requested to visit the website regularly to keep themselves updated.

e) अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि आवेदन करने से पहले चयन कार्यविधि तथा पात्रता मानदंड की जानकारी के लिए पूरे विज्ञापन को ध्यान से पढ़ें ।
Candidates are advised to carefully read the full advertisement for details of eligibility criteria and selection modalities before applying.

f) अभ्यर्थी को परियोजना आवश्यकता के आधार पर देश भर में व्यापक यात्रा करने के तैयार रहना चाहिए । अभ्यर्थी को भारत में कहीं भी किसी भी समय तैनात किया जा सकता है । अत: जो अभ्यर्थी आवेदन करने के इच्छुक हैं, वे परियोजना आवश्यकता के आधार पर देश भर में किसी भी स्थान पर तैनाती के लिए तैयार रहना चाहिए ।
The candidates should be willing to travel extensively across the country based on the project requirement. Candidates may be posted anywhere in India at any point of time. Hence, candidates who are desirous of applying should be willing to relocate based on the project requirement across India.

g) यदि अभ्यर्थी द्वारा दी गई कोई भी जानकारी विज्ञापन में उल्लिखित मानदंडों के अनुरूप नहीं है, भर्ती/पात्रता/चयन प्रक्रिया के किसी भी स्तर में या नियुक्ति होने के बाद अभ्यर्थता को अस्वीकृत किया जा सकता है । अभ्यर्थी की अभ्यर्थता को किसी भी स्तर में, यदि बी ई एल के किसी साक्ष्य/संज्ञा में आता है जो आवेदन में सूचित अर्हता, अनुभव और किसी भी अन्य विवरण / अन्य प्रारूप जो मान्यता प्राप्त नहीं है / गलत / गुमराह तथा / अथवा सूचना / ब्योराओं को बीईएल के ध्यान में लाए बिना छुपाते हैं, अस्वीकृती के लिए उत्तरदायी होंगे।

Candidature is liable to be rejected at any stage of recruitment /eligibility / selection process or after joining, if any information provided by the candidate is not found in conformity with the criteria mentioned in the advertisement. The candidature is also liable for rejection at any stage if BEL comes across any evidence/knowledge that the qualification, experience and any other particulars indicated in the application / other forms / formats are not recognized / false / misleading and/or amounts to suppression of information/particulars which should have been brought to the notice of BEL.

h) किसी भी अवस्था में चयन न किए जाने पर किसी भी अभ्यर्थी को अलग से सूचना नहीं दी जाएगी । उत्तर पुस्तिकाओं की पुनः जाँच/पुनर्मूल्यांकन का कोई प्रावधान नहीं है ।
There will be no separate communication to any candidates on their non-selection at any stage. There is no provision for re-checking/re-evaluation of Answer Sheets.

i) अभ्यर्थियों के पास वैध व्यक्तिगत ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर होना चाहिए। उम्मीदवार द्वारा अपने ऑनलाइन आवेदन पत्र में दर्ज किया गया ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर आवेदन भरने की तारीख से कम से कम अगले एक साल के लिए वैध बने रहना चाहिए। आवेदन संख्या, पासवर्ड और अन्य सभी महत्वपूर्ण जानकारियाँ उसी पंजीकृत ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर पर भेजी जाएँगी। (कृपया यह सुनिश्चित करें कि पंजीकृत ई-मेल आईडी के मेल बॉक्स में भेजे गए ई-मेल को जेयूबीके/स्पैम फ़ोल्डर में रीडायरेक्ट नहीं किया गया है)।
Candidates should have a valid personal E-mail ID and Mobile Number. The E-mail ID and Mobile Number entered by the candidate in his/her Online Application Form must remain valid for at least next one year from the date of filling application. Application Number, password and all other important communication will be sent on the same registered e-mail ID & Mobile No. (Please ensure that email sent to the mailbox of registered E-mail ID is not redirected to junk/Spam Folder).

j) केवल आवेदन करने से चयन प्रक्रिया में अभ्यर्थता की पर्याप्ति पर विचार करने की गारंटी नहीं है ।
Mere applying does not guarantee the adequacy of the candidature for being considered for the selection process.

k) अभ्यर्थी की पात्रता संबंधी सभी मामले में बीईएल का निर्णय जिन चरणों में पात्रता की जांच की जानी है, योग्यता और प्रात्रता संबंधी मानदंड अंतिम और अभ्यर्थी पर बाध्यकारी होगें।
Decision of BEL in all matters regarding eligibility of the candidate, the stages at which such scrutiny of eligibility is to be undertaken, qualification and other eligibility norms will be final and binding on the candidate.

l) सरकारी निर्देशों के अनुसार अ.जा./ अ.ज.जा./अ.पि.व/पी डबल्यू बी डी से संबन्धित अभ्यर्थियों के लिए छुट और रियायत लागू होगी।
Relaxation and Concessions will be applicable to the candidates belonging to SC/ST/OBC/PwBD as per the Government directives.

m) आवेदक स्वस्थ होना चाहिए। स्वास्थ्य मानक में किसी भी छुट की अनुमति नहीं है। चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति, कार्यग्रहण करते समय सिविल सर्जन/सहायक सर्जन के पद से कम न हो, के चिकित्सा अधिकारी से जारी स्वस्थताप्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के अधीन होगा।
Applicants should have sound health. No relaxation in health standard is allowed. Appointment of selected candidates will be subject to submitting medical fitness certificate from a Medical Officer not below the rank of Civil Surgeon / Assistant Surgeon at the time of joining.

n) चयनित अभ्यर्थियों को चिकित्सा वीमा के लिए रु.2 लाख प्रति वर्ष और जीवन बीमा के लिए रु.5 लाख की राशि का चिकित्सा बीमा योजना के तहत शामिल होना आवश्यक है और इसे कार्यग्रहण के समय प्रस्तुत करना होगा।
Selected candidates are required to be covered under Medical Insurance scheme for a sum of Rs.2 lakhs per annum for medical cover and Rs. 5 lakhs for Life cover and submit the same at the time of joining.

o) बीईएल किसी भी कारण से चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में किसी भी अभ्यर्थी को निष्कासित/अयोग्य घोषित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
BEL reserves the right to debar / disqualify any candidate at any stage of the selection process for any reason whatsoever.

p) बीईएल कोई सूचना जारी किए बिना या कोई कारण बताए बिना, आवश्यकता पड़ने पर भर्ती/ चयन प्रक्रिया को रद्द करने/निर्बंधित/ विस्तार /संशोधित करने /बदलने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
BEL reserves the right to cancel/restrict/enlarge/modify/alter the recruitment / selection process, if need so arises, without issuing any further notice or assigning any reason thereafter.

q) यदि अंग्रेजी के अलावा इस विज्ञापन के किसी भी संस्करण में खंडों की अर्थनिर्वचन के कारण विवाद उत्पन्न होता है, तो बीईएल वेबसाइट पर उपलब्ध अंग्रेजी संस्करण ही प्रचलित रहेगा।
In case any dispute arises on account of interpretation of clauses in any version of this advertisement other than English, the English version available on BEL website shall prevail.

r) भर्ती प्रक्रिया सहित इस विज्ञापन से उत्पन्न कोई भी विवाद, बेंगलूरु में स्थित न्यायलयों के एकल अधिकार क्षेत्र के अधीन होगा।
Any resulting dispute arising out of this advertisement including the recruitment process shall be subject to the sole jurisdiction of the Courts situated at Bengaluru.

s) बीईएल के पास एक मजबूत और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया है जहां मूल निवास स्थान की स्थिति या किसी समान आधार पर कोई वरीयता नहीं दी जाएगी, चयन मानदंड विशुद्ध रूप से उम्मीदवार की योग्यता के आधार पर है।। बीईएल भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में किसी भी शुल्क की मांग नहीं करती है या धन जमा करने के अनुरोध नहीं करती है। हम रोजगार की अपेक्षा करने वालों से अनुरोध करते हैं कि वे हमारी कंपनी के प्रतिनिधि होने का दावा करने वाले धोखेबाजों द्वारा किए गए संचार से गुमराह न हों तथा बीईएल में रोजगार के लिए भुगतान की मांग करने वालों पर विश्वास न करें। कंपनी ऐसे किसी नुकसान के लिए उत्तरदायी नहीं है जो इस तरह के धोखाधड़ी वाले कार्यों का कारण बन सकता है।

BEL has a robust and transparent recruitment process where no preference shall be given on the basis of domicile state of origin or any similar grounds, the selection criterion is purely based on merit of the candidate. BEL does not demand or charge any fee or request for money deposits at any stage of the recruitment process other than the application fee mentioned in this advertisement. We urge job seekers not to be misled by any communication made by fraudsters purporting to be representatives of our Company and demanding payment in lieu of employment in BEL. The Company is not liable for any loss that may ensue from such fraudulent actions.

t) किसी भी रूप में पक्ष-प्रचार करना अयोग्यता का परिणाम होगा।
Canvassing in any form will result in disqualification.

**ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 07.10.2025 है |**

**The last date to submit the online application is 07.10.2025.**

**किसी भी प्रश्न/स्पष्टीकरण के लिए कृपया** belbng@jobapply.in **पर लिखें।**

For any queries/clarifications please write to: belbng@jobapply.in.